सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)


मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 8 | अजमेर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## अमरीकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रम्प से भारत पर लगे टैरिफ वापस लेने का किया आग्रह

वाशिंगटन। अमरीकी कांग्रेस के 19 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर उनसे भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सदस्य डेबोरा रॉस और रो खन्ना के नेतृत्व में इन सांसदों ने हाल ही में बढ़ाये गये आयात शुल्क को भी वापस लेने का भी आह्वान किया क्योंकि इससे दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सांसदों ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से भारतीय निर्माताओं को नुकसान तो हुआ ही है और साथ ही अमरीकी आपूर्ति श्रृंखलाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस फैसले से अमरीकी उपभोक्ताओं की जेब पर भी बोझ बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्रवाइयों ने दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर भी असर डाला है।सांसदों ने कहा कि हम कांग्रेस के सदस्य होने के नाते उन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैंए जहां बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं और उनके भारत के साथ मजबूत पारिवारिक सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। ट्रम्प प्रशासन की हालिया कार्रवाइयों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ संबंधों पर असर डाला है। उन्होंने कहा कि हम आपसे इस महत्वपूर्ण साझेदारी को फ़िर से स्थापित करने और सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह करते हैं। पत्र में अमरीका-भारत संबंधों विशेष रूप से व्यापार और रक्षा सहयोग के रणनीतिक और आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया कि भारत हिंद.प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाये रखने में एक प्रमुख साझेदार है और अमेरिका भारतए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के क्वाड जैसे पहलों के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाता है। सांसदों ने अपने पत्र में खास तौर पर अगस्त 2025 के उस फैसले का जिक्र किया जिसमें भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया गया था। इसमें शुरुआती 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफऔर रूस से भारत की कच्चा तेल खरीद के जवाब में लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क शामिल था।

इसके अलावा पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत के साथ व्यापारिक साझेदारी दोनों देशों में लाखों रोजगारों को बढ़ावा देती है। अमेरिकी निर्माता सेमीकंडक्टर स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जरूरी चीजों के लिए भारत पर निर्भर हैं। साथ ही भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी कंपनियों को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में से एक तक पहुंच मिलती है जबकि भारतीय कंपनियों ने अमरीका में अरबों डॉलर का निवेश किया है जिससे रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा हुए हैं। सांसदों ने चेतावनी दी कि टैरिफ में अंधाधुंध वृद्धि इन संबंधों को खतरे में डालती है अमरीकी परिवारों के लिए लागत बढ़ाती है अमरीकी कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर करती है और नवाचार एवं सहयोग के लिए खतरा पैदा करती है। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि अमरीकी व्यापारिक कार्रवाइयों ने भारत को चीन और रूस सहित अमरीकी हितों के विरोधी देशों के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है। पत्र में कहा गया है कि भारत एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बन गया है अमरीकी सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहा है और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए अमेरिका और हमारे सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्वाड में इसकी भागीदारी और चीन की हठधर्मिता के प्रतिकार के रूप में इसकी भूमिका इस संबंध को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। पत्र का समापन दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को रेखांकित करते हुए किया गया। इसमें कहा गया कि अमरीका और भारत की साझा लोकतांत्रिक परंपराएं उन्हें अन्य सत्तावादी प्रतिस्पर्धियों से अलग करती हैं। हमारी साझेदारी दुनिया को दिखाती है कि सहयोग और आपसी सम्मान के जरिए स्वतंत्र और खुले समाज समृद्ध हो सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने रद्द की अधिवक्ता राकेश किशोर की सदस्यता



नई दिल्ली। सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर अदालती कार्यवाही के दौरान हमले की कोशिश मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन एससीबीए ने अधिवक्ता राकेश किशोर की सदस्यता गुरुवार को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी। एसोशिएशन ने उन्हें गंभीर कदाचार का दोषी पाया और इस आधार पर उनकी सदस्यता रद्द करने का यह फैसला किया।एससीबीए ने कहा कि अधिवक्ता किशोर का निंदनीय अव्यवस्थित और असंयमित व्यवहार न्यायिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला और पेशेवर नैतिकता शिष्टाचार और शीर्ष अदालत की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है। एससीबीए ने संबंधित एक प्रस्ताव में कहा कि कार्यकारी समिति का मानना है कि उक्त आचरण न्यायिक स्वतंत्रता अदालती कार्यवाही की पवित्रता और बार तथा बेंच के बीच आपसी सम्मान और विश्वास के दीर्घकालिक संबंध पर सीधा हमला है। अधिवक्ता किशोर ने अदालत कक्ष के अंदर मुख्य न्यायाधीश पर कोई वस्तु फेंकने का प्रयास किया था।

### सीजेआई गवई बोले अब यह एक भुला दिया गया अध्याय है

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने एक अधिवक्ता द्वारा उन पर जूता फेंकने की कोशिश मामले में गुरुवार को चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि वह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन छह अक्टूबर को अदालती कार्यवाही के दौरान हुई उस घटना से स्तब्ध थे लेकिन अब यह एक भुला दिया गया अध्याय है। उन्होंने एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि सोमवार को जो हुआ उससे मैं और मेरे विद्वान भाई ;न्यायमूर्ति चंद्रन बहुत स्तब्ध हैं। हमारे लिए यह एक भुला दिया गया अध्याय है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उस अधिवक्ता के उक्त कृत्य को अक्षम्य बताया और इस मामले में मुख्य न्यायाधीश की उदारता व धैर्य की सराहना की। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में शामिल न्यायमूर्ति उ'जल भुयान ने हालांकि असहमति जताते हुए कहा कि इस पर मेरे अपने विचार हैं। वह ;न्यायमूर्ति गवई मुख्य न्यायाधीश हैं। यह घटना होना मज़ाक की बात नहीं है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि यह हमला शीर्ष अदालत का अपमान था और उचित कार्रवाई की जानी चाहिए थी।वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ;जो अदालत में मौजूद थे ने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से मामले को आगे बढ़ाने और इस प्रकरण पर आगे चर्चा न करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमारे लिए यह एक भुला दिया गया अध्याय है।मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी वनशक्ति मामले में दिए गए फैसले की समीक्षा और संशोधन की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की जिसमें केंद्र को पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं को पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी देने से रोक दिया गया था।

## दौसा में खीर खाने से 20 से अधिक पुलिसकर्मी बीमार

दौसा। राजस्थान में दौसा जिले के महुआ में बुधवार देर रात खीर खाने से 20 से अधिक पुलिसकर्मी बीमार हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बताई गयी है। अस्पताल में भर्ती पुलिसकर्मियों में 15 पुलिसकर्मी झालावाड़ के भी शामिल हैं जो किसी तफ्तीश के लिए महुवा आए थे।पुलिस ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर बनाई गई खीर को प्लास्टिक की थैली में पैक करके चन्द्रमा की रोशनी में रखा गया था जिसके सेवन के बाद पुलिसकर्मियों को उल्टीए दस्तए चक्करए पेट दर्द की शिकायत होने लगी।स्वास्थ्य विभाग के दल ने खीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

### अंता विधानसभा उपचुनाव

## कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को उम्मीदवार बनाया

बारां/जयपुर। राजस्थान में आगामी 11 नवंबर को होने वाले बारां जिले में अंता



विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार की बुधवार को घोषणा कर दी और पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को चुनाव मैदान में उतारा है।कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उम्मीदवार की घोषणा का पत्र जारी करते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी के रुप में भाया के नाम को मंजूरी दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाया को उपचुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वास है कि जनसेवा के प्रति उनके समर्पण एवं आमजन के मुद्दों को ताकत देने के लिए जनता उन्हें भरपूर आशीर्वाद देगी और कांग्रेस को विजय बनाएगी। उल्लेखनीय है कि अंता से पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रुप में विधायक चुने गए कंवरलाल मीणा को एक मामले में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराने के बाद उन्हें विधायक पद से अयोग्य करार दिया गया और पिछले दिनों उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी थी। भाया गत विधानसभा चुनाव में मीणा से चुनाव हार गए थे। अब उपचुनाव में उन्हें फिर मौका दिया गया हैं।

## चित्तौड़गढ़ में गहलोत एवं पायलट ने सरकार पर साधा निशाना

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने चितौड़गढ में बुधवार को राज्य एवं केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।गहलोत ने भीलवाड़ा से उदयपुर जाते हुए देवरी गांव में अपने स्वागत कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में एसएमएस अस्पताल अग्निकांड को सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा बताते हुए कहा कि सरकार में किसी घटना के बाद एवं पहले ऐसा कुप्रबंधन उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा। उन्होंने बिहार में इस बार कांग्रेस की सरकार बनने की उम्मीद जताते हुए कहा कि राहुल गांधी की यात्रा से मतदाताओं का अच्छा समर्थन मिल रहा है। पायलट ने भी



उदयपुर जाते हुए सेमलपुरा के समीप एक फार्म हाऊस पर अपने स्वागत कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एसएमएस अग्निकांड एवं झालावाड़ स्कूल हादसे को सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा बताते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी लेने सरकार का कोई प्रतिनिधि सामने नहीं आया जिससे सरकार के प्रति राज्य की जनता में विश्वास समाप्त हुआ है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही की नीति है जो सरकार के खिलाफ बोलेगा उसके पीछे प्रवर्तन निदेशालय ईडी केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई और पुलिस को लगाकर झूठे मुकदमे दर्ज करेगी।

उन्होंने कहा कि 11 वर्ष के कार्यकाल में ईडी ने 5900 मुकदमें दर्ज कियेए लेकिन मात्र छह में दोष सिद्ध हुआ है। बिहार चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की उन्होंने उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि दोनों नेता बुधवार को भीलवाड़ा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में एक साथ शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दु:खी युवा पीढ़ी


पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम.जनजीवन में भी युवकों की स्थिति उनके सपने उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा.आतंक.विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं जैसे रोजगार की असुरक्षा भविष्य की अनिश्चितता कार्यस्थलों का दबाव प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती हैए लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं।आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों परिवार और समाज के साथ आमने.सामने संवाद करता है तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता हैए तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है।सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशाए रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पातीए वे गुस्से में समाज के खिलाफखड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत पाकिस्तान श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगेए हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फिर लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फिर हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफवहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं दूसरी तरफयह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगेए हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है।

नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फरोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते वे सामाजिक न्याय ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता हैए तो वही आक्रोश सड़क पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है।


## अनंतनाग में लापता पैराट्रूपर जवान का मिला शव दूसरे की तलाश जारी

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के गडूल जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान गुरुवार को एक लापता पैराट्रूपर जवान का शव बरामद किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि सेना की विशिष्ट पैरा यूनिट के दूसरे लापता सैनिक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सोमवार शाम को दोनों पैराट्रूपर जवान लापता हो गए थे। इसके बाद घने एवं खतरनाक गडूल जंगलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और लापता जवानों का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों की मदद भी ली गई।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान एक हथियार और एक पीठथैले के साथ एक शव बरामद हुआ है। उन्होंने किसी आतंकी पहलू से इनकार किया। सेना की चिनार कोर ने बुधवार रात एक बयान में कहा था कि दोनों जवान इलाके में एक अभियान के दौरान लापता हो गए थे।श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि छह और सात अक्टूबर की मध्य रात्रि कोए किश्तवाड़ रेंज में तैनात एक परिचालन टीम को दक्षिण कश्मीर के पहाड़ों में भयंकर बर्फ़ीले तूफ़ान एवं बर्फ़बारी का सामना करना पड़ा। तब से दो सैनिकों से हमारा संपर्क टूट गया है। गहन खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण इसमें बाधाएं उत्पन्न हो रही है।

## झालावाड़ में साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, एक्सिस बैंक का पूर्व कर्मचारी भी अरेस्ट




झालावाड़। राजस्थान में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झालावाड़ जिले के भवानीमंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो फर्मों के बैंक खाते खरीदकर करोड़ों रुपए की ऑनलाइन ठगी में लिप्त था। पुलिस ने गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक्सिस बैंक का पूर्व कर्मचारी कन्हैयालाल बागरी 38 सहित दिनेश माली 22 निखिल नामा 20 और राजेश नागर 30 शामिल हैं। झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि आरोपी लाखों रुपए में फर्मों के करंट खाते खरीदते थे और इन खातों का उपयोग ठगी से प्राप्त धन को स्थानांतरित करने के लिए करते थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों की फर्मों मेवाड़ा किराना एंड जनरल स्टोर एवं राधाकृष्णा ट्रेडिंग कंपनी के खातों पर देशभर में दर्ज 308 साइबर फ्रॉड शिकायतों के चलते रोक लगाई गई है। आरोपी दिनेश माली से उसकी फर्म की चेक बुक और एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साइबर नोडल थाना भवानी मंडी के कांस्टेबल तेजेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि आरोपी दिनेश माली और धीरेंद्र स्वयं के बैंक खातों को म्यूल बैंक खातों के रूप में उपयोग करके उन म्यूल बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी करते हैं। इस पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अन्य आरोपियों को पकड़ा गया।



### भजनलाल शर्मा ने सूरत के श्याम बाबा मंदिर में किए दर्शन

सूरत। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को गुजरात के सूरत स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में दर्शन कर पूजा.अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट के माध्यम से सांस्कृतिक जुड़ाव ग्रामीण विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने में सूरत में बसे राजस्थानियों की भूमिका की भी सराहना की। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रवासी राजस्थानी मौजूद थे।

## श्रीगंगानगर में कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई 3 युवकों की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के जैतसर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक कार के सड़क किनारे ट्रक से टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूरतगढ़.अनूपगढ़ राजकीय राजमार्ग पर चक 5.जीबी के पास करीब सवा दो बजे एक होटल के पास चालक ट्रक को सड़क से उतारकर पार्क करने का प्रयास कर रहा था उसी दौरान अनूपगढ़ की ओर से तेज गति से आ रही एक कार उससे टकरा गई। इससे कार में सवार पांच युवक घायल हो गए।वहां आस पास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को कार से निकाला तो दो युवकों की मौत हो चुकी थी। तीन घायल युवकों को उन्होंने सूरतगढ़ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां एक और युवक ने दम तोड़ दिया। बाकी दो घायलों को गंगानगर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सुरेंद्र उर्फफौजी नायक ;24 नरेश नायक ;18 कालू उर्फ विनोद नायक 18 के रूप में हुई है जबकि घायलों में कार चालक जगदीश 25 और सुखदेव बावरी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक और घायल अनूपगढ़ थाना क्षेत्र के चक 2.पीजीएम ;बी गांव के निवासी हैं।

## जोधपुर जेल में बंद सोनम वांगचुक से पत्नी गीतांजलि ने की मुलाकात



श्रीनगर। राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने मंगलवार को उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी।

अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुयी। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे। गत 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम ;रासुका के तहत वांगचुक की हिरासत के बाद पति पत्नी की यह पहली भेंट थी।अंगमो ने एक्स पर बताया कि उन्हें हिरासत आदेश की एक प्रति मिली हैए जिसे वे कानूनी तौर पर चुनौती देने पर विचार कर रही हैं।

उन्होंने लिखा कि श्री वांगचुक का जज्बा अटूट है। उनका हौसला अडिग एवं प्रतिबद्धता दृढ़ है और वह सभी के समर्थन और एकजुटता के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं।अंगमो से पहले शनिवार कोए लेह एपेक्स बॉडी के कानूनी सलाहकार मुस्तफा हाजी और कार्यकर्ता के बड़े भाई त्सेतन दोरजे जेल में वांगचुक से मुलाकात कर चुके हैं। वांगचुक को 26 सितंबर को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में चार लोग मारे गए थे और 100 से ज़्यादा लोग घायल हो गए थे।

सैन्य कर्मचारियों की विकलांगता पेंशन

## स्टडी सर्कल में वर्कमेन कम्पनसेशन एक्ट के प्रावधानों पर चर्चा



जयपुर। अधिवक्ता परिषद् राजस्थान जयपुर प्रांत की एएफटी इकाई जयपुर के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित स्टडी सर्कल में सैन्य कर्मचारियों को विकलांगता पेंशन से सम्बंधित विषय पर गहन चर्चा की गई।प्रमुख वक्ता अधिवक्ता प्यारेलाल ने अपने संबोधन में विशेष रूप से बताया कि वर्कमेन कम्पनसेशन एक्ट का प्रावधान विकलांगता की गिनती और मुआवजे की गणना के लिए महत्वपूर्ण है जिसे अधिवक्ता अपने पक्ष को मजबूती से रखने हेतु संबद्ध मामलों में अवश्य प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी की विकलांगता का निर्धारण केवल अधिसूचित प्रतिशतों तक सीमित ना रहकर उसकी वास्तविक कार्यक्षमता हानि को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए जैसे कि सुप्रीम कोर्ट ने भी हालिया निर्णयों में व्याख्या दी है। प्यारेलाल ने यह भी स्पष्ट किया कि वकीलों को चाहिए कि वे क्लाइंट के मामले की अध्ययन पूर्वक तैयारी करें और सम्बंधित अधिनियमों की धाराओं के आधार पर सधा हुआ पक्ष रखें ताकि पीड़ित को शीघ्र और उचित राहत मिल सके। विकलांगता के दावे में कार्यक्षमता, आय-हानि, और भविष्य के जीवन पर प्रभाव जैसे पहलुओं को पेश करना जरूरी बताया।बैठक में ओआईसी लीगल सेल मेजर विशी सिंह, अंजली मिनोचा, अरुण मित्तल, रामेश्वर, सुनील, अनिल भारद्वाज, गजेन्द्र शर्मा, जितेंद्र सिंह बिजावत, मनीष शर्मा, भंवर सिंह राठौड, बृजेश शर्मा, बृजेश डीके चौधरी, अभिषेक सिंह ;प्रांत महामंत्री सहित अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने विषय को लेकर अपने विचार साझा किए तथा अपने व्यवहारिक अनुभवों पर चर्चा की गई।

## जयपुरिया अस्पताल की लेक्टुलोज दवा में फंगस नहीं

जयपुर। जयपुरिया अस्पताल में लेक्टुलोज दवा की शीशी में फंगस नहीं बल्कि सेडीमेंटेशन पाया गया है जो लिक्विड सोल्यूशन में सामान्य समस्या है। जयपुरिया अस्पताल प्रशासन ने बुधवार को लेक्टुलोज दवा मामले में स्पष्ट करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खबरों में बताया गया था कि जयपुरिया अस्पताल में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत वितरित की जाने वाली दवा लेक्टुलोज की शीशी में फंगस होने की शिकायत सामने आई है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह दवा कब्ज से राहत के लिए उपयोग में आती है।उनका कहना है कि लिक्विड सोल्यूशन में सेडीमेंटेशन की सामान्य समस्या होती है। इसी कारण लिक्विड सोल्यूशन की प्रत्येक बोतल के लेबल पर एडवाइजरी के रूप में शेक वेल बिफोर यूज अंकित किया जाता है। चिकित्सको द्वारा मरीजों को दवा देते समय बताया भी जाता है कि दवा का उपयोग करने से पहले उसे अच्छी तरह से हिला लें।राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह दवा यूनिक्योर इंडिया लिमिटेड ने निःशुल्क दवा योजना के तहत सप्लाई की है। फर्म द्वारा सप्लाई की गई इस दवा को गुणवत्ता जांच के लिए गत 21 जुलाई को एनएबीएल से मान्यता प्राप्त एवं निगम में अनुबंधित रुड़की उत्तराखण्ड स्थित प्रयोगशाला में भिजवाया गया था जिसकी रिपोर्ट में दवा मानक कोटि की पाई गई थी उसके बाद ही दवा को वितरण के लिए राजकीय चिकित्सालयों में भेजा गया है। हालांकि जयपुरिया अस्पताल में दवा में अशुद्धि की सूचना प्राप्त होती ही एहतियातन लेक्टुलोज दवा के बैचों को औषधि भंडार गृह जयपुर मेडिकल कॉलेज में होल्ड कर दिया गया है। साथ ही जांच के लिए दवा का नमूना राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया है।

## जालोर में बागोड़ा थाने का एएसआई 50000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

जालोर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ,एसीबी ने बुधवार को जालोर के बागोडा थाना के सहायक उपनिरीक्षक कल्याण सिंह को एक मामले में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जालोर को परिवादी ने शिकायत की कि उससे सहायक उपनिरीक्षक द्वारा परिवादी के रिश्तेदार के विरूद्ध प्रकरण में दो व्यक्तियों का चालान नहीं करने एवं प्रकरण में मदद करने की एवज में 35 हजार रूपए पूर्व में प्राप्त कर 65 हजार रूपए रिश्वत के रुप में और मांगे जा रहे हैं। इस पर ब्यूरो टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कल्याण सिंह को परिवादी से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दस्तयाब कर रिश्वत के 50 हजार रुपए बरामद किए। आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।



## झुंझुनूं सूरजगढ़ नगर पालिका का तकनीकी विशेषज्ञ रिश्वत लेते अरेस्ट

झुंझुनूं। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ,एसीबी ने गुरुवार को झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ नगरपालिका में तकनीकी विशेषज्ञ को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो को शिकायत की कि उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ढाई लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। इसमें से पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपए का भुगतान पहले ही मिल चुका था। बाकी के डेढ़ लाख रुपए की राशि जारी करवाने की एवज में नगर पालिका सूरजगढ़ में पदस्थ शहर स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ दीपक टेलर उससे 40 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद ब्यूरो की झुंझुनूं इकाई ने गुरुवार को जाल बिछाकर दीपक टेलर को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।श्रीवास्तव ने बताया कि दीपक टेलर नगर पालिका सूरजगढ़ में एक कंपनी के माध्यम से संविदा पर नियुक्त किया गया था। उसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तकनीकी सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया से जुड़ी फाइलों को तैयार करना और ऑनलाइन फीड करना थी। इसी पद का दुरुपयोग करते हुए उसने परिवादी से रिश्वत मांगी थी।



## लेडी डाक्टर से 11 लाख रुपए की साइबर ठगी आरोपी अरेस्ट

बारां। राजस्थान में बारां की साइबर थाने की पुलस ने एक महिला चिकित्सक से टेलीग्राम ऐप पर टास्क और डिजिटल करेंसी में निवेश का झांसा देकर 11 लाख रुपए से अधिक की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक अंदासु ने बुधवार को बताया कि पीड़ित चिकित्सक की शिकायत पर सीकर जिले के विक्रम मीणा ;26 को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि विक्रम मीणा ने पीड़िता को पार्ट टाइम बिजनेस का लालच देकर उससे निवेश के नाम पर 11 लाख 12 हजार 40 रुपए ऐंठ लिए। पीड़िता को ठगे जाने का पता चला तो उसने शिकायत की।

## अलवर में अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्यों से 40 लाख के मोबाइल बरामद

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करके उनसे 40 लाख रुपए कीमत के मोबाइल बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बुधवार को बताया कि अफजलए असलम एवं सुधीर यादव को गिरफ्तार करके उनसे 27 एप्पल कम्पनी के मोबाईल फोन बरामद किए गए हैं। इनकी कीमत करीब 40 लाख रुपए है।इन आरोपियों को तीन राज्यों की पुलिस को तलाश थी। इनके खिलाफ राजस्थान के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उड़ीसा में भी मामले दर्ज हैं। दोनों ट्रक चालक हैं। उन्होंने बताया कि परिवादी लखनपाल सिंह ने इन आरोपियों द्वारा उसके ट्रकों से 234 सामग्रियां चुराए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

## जुबीन गर्ग मौत मामले में असम के डीएसपी संदीपन गर्ग अरेस्ट

गुवाहाटी। प्रसिद्ध असमिया गायक जुबीन गर्ग की रहस्यमय मौत की जांच कर रहे विशेष जांच दल ,एसआईटी ने उनके चचेरे भाई एवं पुलिस उपाधीक्षक डीएसपी संदीपन गर्ग को पूछताछ के बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।गुवाहाटी स्थित सीआईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने के कुछ ही देर बाद संदीपन की गिरफ्तारी हुई। उम्मीद है कि उन्हें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। संदीपन सिंगापुर में उस नौका पर मौजूद थे जहां जुबीन गर्ग की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई जिसे लेकर अब व्यापक अटकलें एवं सार्वजनिक आक्रोश फैला हुआ है।


इस सप्ताह की शुरुआत में संदीपन ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा था कि लंबी पूछताछ के दौरान उन्होंने एसआईटी के साथ पूरा सहयोग किया। अधिकारियों ने कहा कि उनके बयानों में विसंगतियों और डिजिटल एवं वित्तीय लेन.देन से मिले नए सुरागों के कारण उनकी गिरफ्तारी हुई।पिछले सप्ताह इस मामले में एक नाटकीय मोड़ आया और इस मामले से जुड़ी कयी गिरफ्तारियां हुई। एक अक्टूबर को एसआईटी ने जुबीन के लंबे समय से मैनेजर रहे सिद्धार्थ शर्मा और कार्यक्रम के आयोजक श्यामकानु महंत को हिरासत में



लिया था जिन्होंने सिंगापुर में उस कार्यक्रम का आयोजन किया था। उस कार्यक्रम में जुबीन ने शिरकत की थी।दोनों पर गैर.इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। बाद में दो अन्य लोगों संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा महंत को भी गिरफ्तार किया गया और 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। जांचकर्ता अब संभावित गड़बड़ी की जांच कर रहे हैं और उन्होंने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए वित्तीय अनियमितताओं और नाव पर सवार सभी लोगों के संवाद रिकॉर्ड को भी इसमें शामिल किया है।रिपोर्टों के अनुसार जुबीन के निजी सुरक्षा अधिकारियों के खातों के जरिये लगभग एक करोड़ रुपए स्थानांतरित किए गए और इस खुलासे के बाद मामले की जांच तेज कर दी गई है। लोगों के बढ़ते दबाव के मद्देनजर असम सरकार ने जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की स्वतंत्र जांच के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि सरकार पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करेगी तथा किसी भी व्यक्तिएचाहे वह किसी भी पद या रिश्ते का हो दोषी पाए जाने पर बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच जुबीन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने पूरी जांच के दौरान स्थिर एवं संयमित रूख दर्शाया है। इस सप्ताह के शुरू में उन्होंने अपने पति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को लौटा दी थी और कहा था कि इसे अब व्यक्तिगत दस्तावेज नहीं रहना चाहिए तथा जांचकर्ता ही इसे सार्वजनिक रूप से जारी करने का निर्णय ले सकते हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें जारी जांच पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि सच्चाई सबके सामने आएगी। हाल के बयानों में उन्होंने जुबीन की मौत की वजह बनी घटनाओं पर संदेह व्यक्त किया है और यह खुलासा किया है कि गायक दवा ले रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि जुबीन को उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्यक्रम में ले जाया गया हो। एसआईटी गायक की मौत के कारणों की कड़ियों को जोड़ने में लगी है। इस मामले ने असम के सांस्कृतिक परिदृश्य को हिलाकर रख दिया है और पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

## जियो ने पेश किया देश का पहला "सेफ्टी फर्स्ट" मोबाइल फोन कीमत 799 रुपए

नई दिल्ली। रिलायंस समूह की दूरसंचार कंपनी जियो ने बुधवार को जियोभारत सीरीज में नए सेफ्टी.शील्ड फीचर के साथ नया फोन पेश किया।




दिल्ली में आयोजित चार दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के पहले दिन रिलायंस जियो ने इस पावरपैक्ड मोबाइल फोन के फीचर्स से पहली बार रू.ब.रू कराया। फोन की खासियत है कि हमेशा कनेक्टेड रहने के साथ यह रिश्तेदारों को स्कैम और फ्रॉड से सुरक्षा देगा। इसे खासतौर पर बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा और कनेक्टिविटी के लिए एक स्मार्ट सॉल्यूशन के तौर पर डिज़ाइन किया गया है। इसकी कीमत 799 रुपए होगी।कंपनी ने बताया कि ग्राहकों को अनजान व्यक्तियों के झांसे से बचाने के लिए जियोभारत में यह सुविधा दी गई है कि कौन कॉल या मैसेज कर सकता है और कौन नहीं इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। इंटरनेट की अवांछित साइटों और कंटेंट को भी बच्चों तक पहुंचने से रोका जा सकता है। सात दिन तक के बैटरी बैकअप वाला जियोभारत फोन की बैटरी व हेल्थ के बारे में भी लगातार जानकारी उपलब्ध कराता है।रिलायंस जियो के प्रेसिडेंट सुनील दत्त ने इसे पेश करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर भारतीय को कनेक्ट करने के साथ उनकी सुरक्षा भी करे। जियोभारत सेफ्टी.फर्स्ट सॉल्यूशन इसी उद्देश्य से बनाया गया है। यह सिर्फ एक फोन फीचर नहीं बल्कि एक सुरक्षा नवाचार है जो परिवारों को आसान और किफायती तरीके से मानसिक शांति देगा। जियो ने दिखाया है कि तकनीक लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी को सुरक्षित और सरल बना सकती है। नए जियो भारत सेफ्टी.फर्स्ट फोन जियो स्टोर्स, प्रमुख मोबाइल आउटलेट्स, जियोमार्ट, अमेज़न और स्विगी इंस्टामार्ट पर उपलब्ध हैं।

## Tata Capital Limited's Initial Public Offer to open on Monday, October 6, 2025

The Price Band of the Offer has been fixed at ? 310 to 326 per Equity Share. ("Price Band"). Bids can be made for a minimum of 46 Equity Shares and in multiples of 46 Equity Shares thereafter.The initial public offer comprises of offer of up to 475,824,280 Equity Shares ("Total Offer Size") comprising of a fresh issue of up to 210,000,000 Equity Shares ("Fresh Issue") and an offer for sale of up to 265,824,280 Equity Shares ("Offer for Sale").The selling shareholders are Tata Sons Private Limited (the "Promoter Selling Shareholder") selling up to 230,000,000 Equity Shares and International Finance Corporation (the "Investor Selling Shareholder") selling up to 35,824,280 Equity Shares.The Anchor Investor Bidding Date shall be Friday, October 3,




2025, and the Bid/Offer shall close on Wednesday, October 8, 2025.The Company proposes to utilize the net proceeds from the Fresh Issue towards augmenting its Tier-I capital base to meet the Company's future capital requirements, including onward lending (the "Object of the Offer").The Equity Shares are being offered through the red herring prospectus of the Company dated September 26, 2025 (the "Red Herring Prospectus"), filed with the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai (the "ROC"). The Equity Shares offered through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on BSE Limited ("BSE") and the National Stock Exchange of India Limited ("NSE").Kotak Mahindra Capital Company Limited, Axis Capital Limited, BNP Paribas, Citigroup Global Markets India Private Limited, HDFC Bank Limited, HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited, ICICI Securities Limited, IIFL Capital Services Limited (formerly known as IIFL Securities Limited), J.P. Morgan India Private Limited, and SBI Capital Markets Limited are the book running lead managers to the Offer (the "BRLMs").

# पायलट तय करेंगे कौन बनेगा अजमेर कांग्रेस अध्यक्ष?

विजय सिंह मौर्य

अजमेर। एक तरफ अजमेर में कांग्रेस शहर और देहात के नए जिलाध्यक्ष की तलाश में केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनकर दिल्ली से पधारे अशोक तंवर बीते कई दिन से अजमेर में डेरा डाले हुए हैं। वे फिलहाल कांग्रेसियों का मन टटोल रहे हैं। उन्हें लगता है कि इन्हीं के बीच से कोई अलादीन का जिन्न निकल आए और डूबती हिचकोले खाती कांग्रेस की नैया किनारे लग जाए। वैसे गहलोत और पायलट के पिछलग्गुओं ने ये साबित कर दिया कि वे कांग्रेस से ज्यादा खेमे बाजी में ज्यादा भरोसा रखते हैं। कांग्रेसियों ने तंवर के सामने ही एक दूसरे के खिलाफ बांहे चढाकर दिखा दिया कि हम नहीं सुधरेंगे।

तंवर कोई करिश्मा करते इससे पहले सचिन पायलट का अजमेर आना कोई संयोग नहीं बल्कि बल्कि सोची समझी रणनीति है। पायलट के पैर अजमेर की धरा पर पडते ही उनके समर्थक फूल कर कुप्पा हो गए। या यूं कहें की पायलट अपने समर्थकों की हौसला अफ्जाई कर गए। शाम को सर्किट हाउस में ठहरनाए फिर पहले से



डैरा जमाए तंवर की डिनर पर चंद मिनटों की मुलाकात के अलग अलग कयास लगाए जा रहे हैं। बुधवार सुबह पायलट ने अपने शार्गिदों से स्वागत कराने की रस्म अदायगी के दौरान पलक पांवडे बिछाए बैठे महेन्द्र सिंह रलावता को जयपुर रोड स्थित उनके कार्यालय कॉन्वेंट स्कूल के पास स्वागत करने के लिए टकटकी लगाए इंतजार कर रहे हेमन्त भाटी को चंद मिनटों में निपटा दिया। दीगर बात यह रही कि पायलट ने आदर्श नगर में उनके स्वागत में आतिशबाजी करने और फूलों की बरसात करने वाली मंडली को देख कार रोकी और कार में महेश चौहान के कंधे पर हाथ रखा। बस यहीं से अजमेर की कांग्रेस में नया उबाल आ गया। ये महेश चौहान कौनसी



बला है। नक्कार खाने में तूती की अवाज से ज्यादा औकात ना रखने वाले को पायलट ने इतनी तवज्जों क्यों दी। बस इसी सवाल का उत्तर में कयास लगाए जाने लगे। राजनीतिक मायने में इसका अर्थ निकलता हैं कि पायलट ने डायलेक्ट अशोक गहलोत के गढ यानी माली समाज में बडी सेंध लगाने का पासा चल दिया है। चौहान छिपे रूस्तम माने जाते हैं। गहलोत के शासन काल में पत्नी सुनीता चौहान को मनोनीत पार्षद और बहू ममता चौहान को माटी कला बोर्ड की सदस्य बनवाकर उन्होंने बता दिया था कि माली समाज की ताकत क्या है। इतना ही नहीं एडीए अध्यक्ष पद पर दावेदारी करने में भी वे पीछे नहीं रहे।इस बीच गहलोत गुट के मुख्य सिपहसालार धमेन्द्र राठौड के अंधेरी रात में शहर के कई मुत्रालयों में चस्पा पोस्टरों ने नया बवाल खडा कर दिया। राठौड भी जादूगिरी के गुर सीख चुके हैं। उन्होंने विरोधियों की इसी को करतूत की आड में कांग्रेस में अपने विरोधी खेमे और भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सोनी की कलई खोलते हुए उन्हें लपेट लिया और खूब नजला उतारा।बहरहाल अजमेर कांग्रेस की बारात चढ चुकी है लेकिन सेहरा बंधवाने के लिए लालायित दूल्हों की लम्बी फेहरिस्त ने पर्यवेक्षक तंवर की पेशानी पर बल ला दिए हैं। वैसे उन्हें कुल छह नामों का पैनल आलाकमान को सौंपना है लेकिन पैनल है कि द्रोपदी के चीर की तरह थमने का नाम ही नहीं ले रहा।

वैसे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट मंगलवार शाम को ही अजमेर पहुंच गए थे।अगले दिन बुधवार सुबह 8 बजे सर्किट हाउस से निकल कर वे 5 मिनट रलावता कार्यालय पर रुके। इसके बाद एलिवेटेड रोड होते हुए कॉन्वेंट स्कूल के पास पहुंचते ही हेमंत भाटी ने उनका स्वागत किया। महज 2 मिनट में उनकी कार आगे बढ गई।आदर्श नगर पुलिया के पास माली समाज के लोगों के साथ खडे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश चौहान व उनकी पत्नी महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई की अध्यक्ष सुनीता चौहान को देख पायलट ठहरे पुष्प वर्षा के बीच उन्होंने 51 किलो फूलों की माला पहनी। आतिशबाजी और आकाश में छोड़े गए बैलून देख सचिन पायलट ने महेश चौहान के कंधे पर हाथ रख उन्हें शुभकामनाएं दीं। अब बडा सवाल यह है कि क्या महेश चौहान अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बन पाएंगे।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने दी नीट छात्रा को राहत

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा ,एनईईटी.यूजी अभ्यर्थी को बड़ी राहत देते हुए परामर्श बोर्ड द्वारा उसका प्रवेश रद्द करने का आदेश निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने अभ्यर्थी नरेन्द्र महला को आगामी तीसरे चरण की काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति देने और पूर्व में जमा राशि को शुल्क के रूप में समायोजित करने के बुधवार को निर्देश दिए।नरेन्द्र और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन ने कहा कि परामर्श बोर्ड द्वारा याचिकाकर्ता की पांच लाख रुपए की सुरक्षा राशि जब्त करना अवैध है और यह अनुचित लाभ का



उदाहरण है। न्यायालय ने यह माना कि याचिकाकर्ता पिताविहीन होने और गरीब पृष्ठभूमि से है और 29 सितम्बर 2025 को परदादी के निधन और बीच में सरकारी अवकाश होने के कारण वह समय पर शेष शुल्क 13 लाख 90 हजार रुपए जमा नहीं कर सका। अदालत ने कहा कि इस परिस्थिति में कुछ घंटों की देरी को सदभानापूर्ण और न्यायोचित मानना ही उचित है। न्यायमूर्ति जैन ने अधिकारियों के कठोर और अव्यवहारिक रवैये की आलोचना करते हुए टिप्पणी की योग्यता और धन के संघर्ष में सच्चे अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। न्यायालय ने इस प्रकरण को अनुचित लाभ का उत्कृष्ट उदाहरण करार देते हुए आदेश की प्रति राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को भेजने का निर्देश दिया है।अदालत ने स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर पारित किया गया है और इसे भविष्य में नजीर के रूप में लागू नहीं किया जाएगा।

## भीलवाड़ा के गंगापुर में अधेड़ का खून से लथपथ शव मिला

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रायपुर मार्ग के पास सुबह लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा तो पुलिस को इत्तिला दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सील करके जांच शुरु की। मृतक की पहचान अमराराम 50 निवासी चतरपुरा क्षेत्र के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए गहरे घावों के निशान मिले हैं। पुलिस ने बताया कि हत्या संभवत व्यक्तिगत रंजिश या पुरानी दुश्मनी के कारण की गयी है।

## ट्रक की टक्कर से कार में सवार दम्पती की मौत

भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में एक कार के ट्रक से टकराने से कार में सवार दम्पती की मौत हो गई जबकि उनके पुत्र और बहू सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आसींद निवासी कावड़िया परिवार के सदस्य कार से भीलवाड़ा जा रहे थे। आसींद के पालड़ी गांव के नजदीक उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। इससे गौतम चंद कावड़िया उनकी पत्नी अरुणा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका पुत्र ऋषभ, बहू जानवी और पुत्री सोनम घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है।

## पुष्कर मेला अवधि के दौरान बंद रहेंगी शराब की दुकानें

अजमेर। अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला 2025 के दौरान लोक शान्ति बनाए रखने के लिए चयनित शराब की दुकानों को मेला अवधि के दौरान बन्द रखा जाएगा। कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि आगामी 2 नवम्बर सुबह से 5 नवम्बर तक इन दुकानों एवं गोदामों को बन्द रखने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत बांसेली की अनुज्ञाधारक अनिता नरचल, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा दुकान संख्या एक की अनुज्ञाधारक अनिता टांक, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा दुकान संख्या 2 के अनुज्ञाधारक शैतान सिंह रावत, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा दुकान संख्या 3 की अनुज्ञाधारक नीरू कंवर एवं ग्राम पंचायत कानस के अनुज्ञाधारक आनन्दनाथ की दुकानें मेला अवधि के दौरान बन्द रहेंगी।






## अजमेर मंडल का आय क्षेत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

अजमेर। रेलवे अजमेर मंडल ने आय अर्जन के क्षेत्र में तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगभग 927 करोड रुपए की कुल आय अर्जित की है जो कि गत वर्ष के 882 करोड़ से लगभग पांच प्रतिशत अधिक है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यि प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के मार्गदर्शन में अजमेर मंडल ने आय के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल की है। इसके अंतर्गत इस वर्ष सितंबर माह के अंत तक यात्री आय में लगभग तीन प्रतिशत की उछाल के साथ कुल 405.31 करोड़ की आय अर्जित की जबकि गत वर्ष इस अवधि के दौरान 394.01 करोड़ की आय ही अर्जित हुई थी। इसी प्रकार माल भाड़ा आय में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 459.42 करोड़ की आय अर्जित की गई जबकि की गत वर्ष इसी अवधि में 430.02 करोड़ की आय अर्जित की गई थी। अन्य कोचिंग आय में 35.24 करोड़ की आय अर्जित की गई जो कि गत वर्ष की 30.46 करोड़ से लगभग 16 प्रतिशत अधिक है।मंडल पर पार्किंग आय में भी 0.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसके अंतर्गत 1.24 करोड़ रुपए अर्जित किए गए। विज्ञापन से आय में सर्वाधिक 23.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसके अंतर्गत गत वर्ष की इसी अवधि के 1.84 करोड़ के आंकड़े के मुकाबले 2.27 करोड़ की आय अर्जित की गई। इसी प्रकार मंडल पर 9.29 करोड़ की टिकट चेकिंग आय अर्जित की गई जो कि गत वर्ष की इसी अवधि के 8.31 करोड़ से लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष सितंबर माह तक यात्रियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है जो कि गत वर्ष की इस अवधि के 1.33 करोड़ के मुकाबले 2.48 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.40 करोड़ यात्री रहे।मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने इस उपलब्धि के लिए मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों विशेष रूप से वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की और आगे भी इसी प्रकार के प्रदर्शन के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।


**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)